# JAC वार्षिक परीक्षा, 2023 – प्रश्नोत्तर

## कक्षा - 9

## हिन्दी

### प्रश्नोत्तर-
### खण्ड क (अपठित गद्यांश एवं पद्यांश) -

निर्देश: निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 1 से 4 तक के लिए सही विकल्प का चयन करें:

शिष्टाचार संस्कृति का द्योतक है। जो व्यक्ति जितना ही सुसंस्कृत होता है। उसका आचार-विचार उतना ही शिष्ट होता है। शिष्ट परिवार में जिसका लालन- पालन हुआ है, शिष्ट वातावरण में जो पनपा है, उसे अगर स्कूल-कॉलेज की शिक्षा नहीं भी मिलेगी तो भी उसमें शिष्टाचार की कमी नहीं होगी। और जो शुरू से ही अनुशासनहीन समाज या वातावरण में पाला-पोसा गया है, जिसके परिवार में शिष्टता की हवा भी नहीं बहती, स्कूल-कॉलेज की शिक्षा पा जाने के बाद भी उसमें शिष्टाचार का अभाव रहेगा, भले ही वह शिक्षा के आवरण से ढका हो। अपने से बड़ों का सम्मान करना, छोटों को स्नेह देना, अपनी माँ-बहन के समान ही दूसरी स्त्री को समझना, सबसे मीठी बोली बोलना, ये शिष्टाचार के सर्वमान्य तत्त्व हैं।

**1. शिष्टाचार किसका द्योतक है ?**
a. प्रकृति का b. संस्कृति का
c. सभ्यता का d. मूर्खता का

**2. शिष्टाचार का अर्थ क्या होता है ?**
a. अशिष्ट आचरण b. आचरण
c. सभ्य आचरण d. असभ्य आचरण

**3. शिष्टाचार का सर्वमान्य तत्व क्या है?**
a. यथायोग्य अनादर b. यथायोग्य आदर
c. यथायोग्य निरादर d. यथायोग्य बिरादर

**4. किसका आचार-विचार शिष्ट होता है ?**
a. जो व्यक्ति सुसंस्कृत होता है
b. जो व्यक्ति संस्कृत होता है
c. जो व्यक्ति असभ्य होता है
d. जो व्यक्ति सभ्य नहीं होता है

निर्देश: प्रस्तुत पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 5 से 8 तक के लिए सही विकल्प का चयन करें:

पूर्व चलने के बटोही, बाट की पहचान कर ले ।
पुस्तकों में है नहीं छापी गई इसकी कहानी ।
हाल इसका ज्ञात होता है न औरों की जुबानी ।
अनगिनत राही गए उस राह से उनका पता क्या ?
पर गए कुछ लोग इस पर छोड़ पैरों की निशानी ।।
यह निशानी मूक होकर भी बहुत कुछ बोलती है।
खोल इसका अर्थ पंथी, पंथ का अनुमान कर ले ।।
पूर्व चलने के बटोही.........।।
यह बुरा है या कि अच्छा, व्यर्थ दिन इस पर बिताना ।
जब असंभव छोड़ यह पंथ दूसरे पर पग बढ़ाना ।
तू इसे अच्छा समझ, यात्रा सरल इससे बनेगी ।
सोच मत केवल तुझे ही यह पड़ा मन में बिठाना । हर सफल पंथी यही विश्वास कर इस पर खड़ा है।
पूर्व चलने के बटोही.............।।

**5. 'बटोही' का क्या अर्थ होता है ?**
a. राह b. राही
c. पलीता d. बटलोही

**6. कवि ने किसकी पहचान करने की बात कही है ?**
a. पथ की b. पथिक की
c. मौसक की d. सड़क की

**7. हर सफल पंथी क्या करके इस पर खड़ा है ?**
a. जय b. पराजय
c. विश्वास d. अविश्वास

**8. यह निशानी क्या होकर भी बहुत कुछ बोलती है ?**
a. अमूक b. मूक
c. अचूक d. चूक

### खण्ड-ख (व्याकरण)

**9. 'विद्वान' का सही स्त्रीलिंग रूप होगा**
a. विद्वानी b. विद्वानि
c. विदुषि d. विदुषी

**10. मनुष्य एक ........... प्राणी है । (सही शब्द से रिक्त स्थान को भरें )**
a. प्राकृतिक b. सांस्कृतिक
c. राजनीतिक d. सामाजिक

**11. 'मानवीय' शब्द में क्या प्रत्यय है ?**
a. वीय b. बिय
c. ईय d. इय

**12. 'सूक्ति' में सही उपसर्ग कौन है ?**
a. सु + उक्ति b. सू+ उक्ति
c. स +उक्ति d. सा + उक्ति

© JCERT not to be republished

13. 'वह घर जाते ही काम में लग गया।' यह कौन वाक्य है?
a. संयुक्त b. सरल
c. मिश्र d. उपवाक्य

14. रचना की दृष्टि से वाक्य के कितने भेद होते हैं ?
a. दो b. चार
b. तीन d. पाँच

15. 'ने' चिह्न का प्रयोग किस कारक में होता है ?
a. कर्म b. कर्ता
c. अपादान d. सम्बन्ध

16. नीचे लिखे वाक्यों में शुद्ध वाक्य कौन है ?
a. मीरा ने भजन गायी है।
b. मीरा ने भजन गायी है।
c. मीरा ने भजन गायी होगी।
d. मीरा ने भजन नहीं गायी है

17. निम्न में से 'फूल' का पर्यायवाची शब्द कौन है ?
a. सुमन b. सुभग
c. सुन्दर d. सुवर्ण

18. 'प्रसाद-प्रासाद' शब्द-युग्म का सही अर्थ है।
a. उपनाम-महल b. कृपा-महल
c. मिठाई-भक्ति d. कवि-भावन

19. 'सरल' का सही विलोम होगा
a. सरला b. सरली
c. कठिन d. कठिनाई

20. 'घोड़े बेचकर सोना' मुहावरा का अर्थ है
a. घोड़ा बेच देना b. निश्चित होकर सोना
c. खुश होना d. धन की वर्षा होना

## खण्ड-ग (पाठ्यपुस्तक)

निर्देश: प्रस्तुत पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 21 से 24 तक के लिए सही उत्तर का चयन करें:

मुझे मिली हरियाली डाली,
मुझे नसीब कोठरी काली ।
तेरा नभ भर में संचार
मेरा दस फुट का संसार ।
तेरे गीत कहावें वाह,
रोना भी है मुझे गुनाह ।
देख विषमता तेरी-मेरी,
बजा रही तिस पर रणभेरी ।।

21. प्रस्तुत पद्यांश के कवि कौन हैं ?
a. माखनलाल चतुर्वेदी b. सुमित्रानन्दन पंत
c. केदारनाथ अग्रवाल d. चन्द्रकांत देवताले

22. यहाँ 'मुझे' किसको कहा गया है ?
a. कोयल को b. मैना को
c. कबूतर को d. कैदी को

23. कैदी का संसार कितने फुट का है ?
a. आठ b. दस
c. बारह d. चौदह

24. 'रणभेरी' का क्या अर्थ होता है ?
a. युद्ध b. बाजा
c. युद्ध का बाजा d. नगाड़ा

निर्देश: निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन करें:

25. कवि रसखान की काव्यभाषा क्या है ?
a. अवधी b. भोजपुरी
c. पूर्वी हिन्दी d. ब्रजभाषा

26 मेघ के आने पर किस बूढ़े वृक्ष ने जुहार की ?
a. पीपल b. आम
c. बरगद d. जामुन

27. मरकत डिब्बे सा खुला क्या है ?
a. ग्राम b. शहर
c. नगर d. कस्बा

28. एक बीते के बराबर क्या है ?
a. सरसों b. अरहर
c. गेहूँ d. चना

निर्देश: प्रस्तुत गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 29 से 32 तक के लिए सही उत्तर का चयन करें।

जटिल प्राणियों के लिए सालिम अली हमेशा एक पहेली बने रहेंगे। बचपन के दिनों में, उनकी एयरगन से घायल होकर गिरने वाली, नीले कंठ की वह गौरैया सारी जिन्दगी उन्हें खोज के नए-नए रास्तों की तरफ ले जाती रही। जिन्दगी के ऊँचाइयों में उनका विश्वास एक क्षण के लिए भी डिगा नहीं । वो लॉरेन्स की तरह नैसर्गिक जिन्दगी का प्रतिरूप बन गये थे ।

29. सालिम अली कौन थे ?
a. नृविज्ञानी b. मानवविज्ञानी
c. पक्षीविज्ञानी d. पशुविज्ञानी

30. जटिल प्राणी किसे कहा गया है ?
a. पक्षी को b. पशु को
c. मानव को d. दानव को

31. 'नैसर्गिक' का क्या अर्थ है ?
a. सामाजिक b. राजनीतिक
c. प्राकृतिक d. मानवीय

32. प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ का है ?
a. दो बैलों की कथा b. ल्हासा की जोर
c. प्रेमचन्द के फटे जूते d. साँवले सपनों की याद

निर्देश: निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन करें:

33. दोनों बैलों का मालिक कौन है ?
a. झूरी b. मूरी
c. होरी d. हीरा

© JCERT not to be republished

**34. नाना साहब की पुत्री का क्या नाम था?**

a. रमा　　b. मैना
c. उमा　　d. गीता

**35. महादेवी वर्मा को उसके बाबा (दादा) क्या बनाना चाहते थे ?**

a. कवयित्री　　b. विदुषी
c. लेखिका　　d. शिक्षिका

**36. किस वृक्ष की शाखाओं पर मैनाएँ उछल-कूद कर रही थी?**

a. शिरीष　　b. पीपल
c. आम　　d. शीशम

**37. 'इस जल प्रलय में' पाठ किस प्रकार का पाठ है ?**

a. कहानी　　b. निबंध
c. रिपोर्ताज　　d. एकांकी

**38. 'भूख मीठी कि भोजन मीठा' यह पंक्ति किस पाठ की है ?**

a. इस जल प्रलय में　　b. मेरे संग की औरतें
c. रीढ़ की हड्डी　　d. माटी वाली

**39. उमा क्या लेकर लड़के वालों के पास आती है ?**

a. चाय की प्याली　　b. पान की तस्तरी
c. लौंग-इलायची　　d. जलपान

**40. 'माटी वाली' पाठ में किस शहर का वर्णन हुआ है ?**

a. टिहरी　　b. डेहरी
c. गढ़वाली　　d. चमोली

## उत्तरमाला

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1.b, | 2.c, | 3.b, | 4.a, | 5.b, | 6.a, | 7.c, | 8.b, |
| 9.d, | 10.d, | 11.c, | 12.b, | 13.c, | 14.c, | 15.b, | 16.a, |
| 17.a, | 18.a, | 19.c, | 20.b, | 21.a, | 22.d, | 23.b, | 24.c, |
| 25.d, | 26.a, | 27.a, | 28.d, | 29.c, | 30.c, | 31.c, | 32.d, |
| 33.a, | 34.b, | 35.b, | 36.a, | 37.c, | 38.d, | 39.b, | 40.a |

© JCERT not to be republished